I/541933/2024

संख्या-71 /2024/ 1154 /26-3-2024-1597530

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 16 अप्रैल, 2024

विषयः- चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अनुदान संख्या-80 के अन्तर्गत मद्यनिषेध विभाग, उ0प्र0 के मुख्यालय एवं मण्डलीय कार्यालय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-732/पी0पी0/26-97/23, दिनांक-05.04.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/ बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक-04 मार्च 2024 द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अधीन अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक-2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-105-नशाबन्दी-03-अधिष्ठान-01-मुख्यालय हेतु प्राविधानित धनराशि रूपया-186.59 लाख (रूपये एक करोड छियासी लाख उनसठ हजार मात्र) तथा अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक-2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-105-नशाबंदी-04-मण्डलीय कार्यालय हेतु प्राविधानित धनराशि रू0-569.52 लाख (रूपये पांच करोड उनहत्तर लाख बावन हजार मात्र) अर्थात कुल प्राविधानित धनराशि रू0-756.11 लाख (रूपये सात करोड़ छप्पन लाख ग्यारह हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृतियां निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

अनुदान संख्या-80 **(धनराशि लाख रू0 में)**

क्र0सं0	लेखाशीर्षक/योजना/मद का नाम	आय-व्ययक प्राविधान 2024-25	वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्वीकृत धनराशि
1	01- वेतन	80.00	80.00
2	03- मंहगाई भत्ता	44.00	44.00
3	04- यात्रा व्यय	1.00	1.00
4	05- स्थानान्तरण यात्रा व्यय	0.30	0.30
5	06- अन्य भत्ते	0.03	0.03
6	07- मानदेय	0.05	0.05
7	08- कार्यालय व्यय	2.00	2.00

8	09-विद्युत देय	2.00	2.00
9	11- लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	0.75	0.75
10	12- कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	0.75	0.75
11	13- टेलीफोन पर व्यय	0.50	0.50
12	15- मोटर गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल खरीद	1.50	1.50
13	16- व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	0.30	0.30
14	19- विज्ञापन बिक्री एवं विख्यापन	2.50	2.50
15	42- अन्य व्यय	40.00	40.00
16	44- प्रशिक्षण व्यय	0.01	0.01
17	45- अवकाश यात्रा व्यय	1.00	1.00
18	47- कम्प्यूटर अनुरक्षण/ तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	0.75	0.75
19	49- चिकित्सा व्यय	3.00	3.00
20	51- वर्दी व्यय	0.15	0.15
21	55- मकान किराया भत्ता	6.00	6.00
	योग- 03	**186.59**	**186.59**
	04- मण्डलीय कार्यालय-		
1	01- वेतन	296.00	296.00
2	03- मंहगाई भत्ता	162.80	162.80
3	04- यात्रा व्यय	5.00	5.00
4	05- स्थानान्तरण यात्रा व्यय	1.00	1.00
5	06- अन्य भत्ता	0.14	0.14
6	07- मानदेय	0.20	0.20
7	08- कार्यालय व्यय	2.50	2.50
8	09- विद्युत देय	3.00	3.00
9	10- जलकर/जल प्रभार	1.00	1.00
10	11- लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपाई	2.10	2.10
11	12- कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	2.10	2.10
12	13- टेलीफोन पर व्यय	2.00	2.00

13	15- मोटरगाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	5.50	5.50
14	16- व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	1.00	1.00
15	17- किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	10.00	10.00
16	26- मशीन सज्जा उपकरण एवं संयंत्र	2.00	2.00
17	29- अनुरक्षण	1.50	1.50
18	42- अन्य व्यय	35.00	35.00
19	44- प्रशिक्षण व्यय	0.55	0.55
20	45- अवकाश यात्रा व्यय	1.00	1.00
21	47-कम्प्यूटरअनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	1.00	1.00
22	49- चिकित्सा व्यय	5.50	5.50
23	51- वर्दी व्यय	0.20	0.20
24	55- मकान किराया भत्ता	28.43	28.43
योग- 04		**रू0-569.52**	**रू0-569.52**
महोयोग- 03 + 04		**186.59+569.52**	**रू0- 756.11**

(रू0 सात करोड छप्पन लाख ग्यारह हजार मात्र)

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि वर्ष 2024-25 के लिये है, जिसके सापेक्ष अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें, जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग प्रतिमाह समान रूप से की जाय। बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जाय कि आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय यदि सम्बन्धित विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर हैं, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को सम्बन्धित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामलों में विभागाध्यक्ष स्तर पर एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय। धनराशि के एक मुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबन्धन (कैश मैनेजमेन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय संख्या-1/2024/ बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक-04 मार्च 2024 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। धनराशि व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य

सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, उनमें ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। धनराशि के व्यय हेतु शासन द्वारा मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत वित्तीय नियमों तथा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उ0प्र0 बजट मैनुअल के पैरा-88 में इंगित व्यवस्था के अनुसार व्यय को प्राधिकृत विनियोग सीमा/स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के भीतर रखा जाये।

(3) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये। इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय के विवरण सहित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय कार्यालय संख्या-1/2024/ बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक-04 मार्च 2024 द्वारा प्रशासकीय विभागों को दिये गये दिशा-निर्देशों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Digitally Signed by रजनी कान्त पाण्डेय
Date: 15-04-2024 18:20:27
Reason: Approved

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

पृ0सं0-71 /2024/1154(1)/26-3-2024 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0इलाहाबाद।
3- प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
4- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0लखनऊ।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0शासन।
8- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
9- निदेशक, एन0आई0सी0।
10- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।